# <u>विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का रूस के सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी साइंस में शैक्षणिक दौरा</u>

पंतनगर। 17 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी साइंस के शैक्षणिक दौरे पर गया। इस यात्रा का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्नत पशु चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान पद्धतियों तथा पशु स्वास्थ्य सेवाओं की आधुनिक तकनीकों से छात्रों को अवगत कराना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं शोधार्थियों के साथ विचार–विमर्श किया तथा वहां उपलब्ध अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केन्द्रों और क्लीनिकल सुविधाओं का अवलोकन किया। छात्रों ने रूस की शैक्षणिक प्रणाली और अनुसंधान पद्धतियों से महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए, जो भविष्य में उनके शैक्षणिक एवं पेशेवर जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने इस दौरे को विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग रणनीति का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक आदान–प्रदान से विद्यार्थियों का दृष्टिकोण विस्तृत होता है, उन्हें वैश्विक स्तर की तकनीकों की जानकारी मिलती है और अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के नए आयाम खुलते हैं। सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी साइंस के अधिकारियों ने भी इस सहयोग का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक एवं अनुसंधान संबंध और प्रगाढ़ होंगे। इस शैक्षणिक यात्रा से छात्रों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है तथा यह विश्वविद्यालय की ग्लोबल कनेक्ट पहल के अंतर्गत एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है।

